प्रादेशिक समाचार
11.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)

राज्य में 13 नवंबर को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार आज शाम समाप्त हो जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि पहले चरण में जहां शाम पांच बजे तक मतदान होना है, वहां के लिए शाम पांच बजे और जहां शाम चार बजे तक मतदान का समय है वहां चुनाव प्रचार 48 घंटे पहले चार बजे थम जाएगा।

****************

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार के आखिरी दिन आज एनडीए और इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारकों की धुंआधार सभाएं हो रही हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सरायकेला में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

****************

उधर, पलामू जिले के हुसैनाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर निशाना साधा।

****************

इधर, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पलामू जिले के छतरपुर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर आदिवासी हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए लोगों से इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

****************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने आरोप लगाया कि झामुमो–कांग्रेस–राजद गठबंधन ने झारखंड में कुशासन, भ्रष्टाचार और माफियावाद को बढ़ावा दिया है।

****************

पहले चरण के मतदान के लिए मतदान कर्मियों को मतदान केंद्रों पर भेजा जा रहा है। मुख्य चुनाव अधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि संवेदनशील माने जाने वाले पांच जिलों पश्चिमी सिंहभूम, लातेहार, लोहरदगा, गढ़वा और गुमला के 225 मतदान केंद्रों पर हेलीकाप्टर के जरिये मतदानकर्मियों को भेजा जा रहा है।

****************

साहिबगंज में मतदाताओं को आकर्शित करने के लिए अनोखे बूथ बनाए गए हैं।

********समाप्त********